YOUNG INDIA • YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स

संस्था समाचार

परिचय सम्मेलन

पश्चिमी दिल्ली के अशोक नगर में 'अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन' संस्था का 56वां युवक-युवती परिचय समारोह हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि नैफेड के निदेशक अशोक ठाकुर थे। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने बताया कि 30 परिवारों के बीच रिश्ते जोड़ने की बात हुई। युवक-युवतियों का परिचय मालती गोयल, बबिता अग्रवाल और पूनम अग्रवाल ने कराया।

किताब का लोकार्पण

पद्मश्री प्रोफेसर जे.एस. राजपूत की लिखी और यश पब्लिकेशंस से प्रकाशित किताब 'दि डायनामिक्स ऑफ़ इंडियन एजुकेशन' का लोकार्पण उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने किया। आयोजन सरदार पटेल कॉन्फ्रेंस हॉल वीपी हाउस में हुआ। इसमें लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरिफ मोहम्मद

खान, प्रसार भारती के चेयरमैन डॉ. सूर्य प्रकाश, और यश पब्लिकेशन के प्रबंधक राहुल भारद्वाज मौजूद रहे।

25वीं वर्षगांठ

नव सृष्टि संस्था ने शुक्रवार को अपनी 25वीं वर्षगांठ विपिन चंद्रापाल ऑडिटोरियम चितरंजन पार्क में मनाई। इस मौके पर बीजेपी सांसद, संस्था के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद रमेश बिधूड़ी ने संस्था की सचिव रीना बनर्जी को समाज में अच्छे कामों के लिए धन्यवाद दिया। संस्था महिला सशक्तीकरण के विषयों पर गतिविधियां संचालित कर रही है।

कहलाएंगे पैरामेडिक्स

दिल्ली स्वास्थ्य मिशन के तहत काम करने वाले 300 टीबी कर्मचारियों को दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने पैरामेडिक्स का दर्जा दे दिया है। दिल्ली स्टेट हेल्थ मिशन के पत्र में कहा गया है कि टीबी कर्मचारी जो बारह विभिन्न पदों पर काम करते हैं, उनको पैरामेडिक्स का दर्जा दिया गया है। ऑल इंडिया टीबी कंट्रोल प्रोग्राम इमप्लॉयज असोसिएशन के प्रेसिडेंट आरएम त्रिपाठी ने इसके लिए सभी नेताओं, डॉक्टरों और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का धन्यवाद दिया है।

स्थापना दिवस

डीयू के जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज ने अपना स्थापना दिवस मनाया। मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू और डीयू के वीसी योगेश कुमार त्यागी थे। इस साल कॉलेज अपना 60वीं सालगिरह मना रहा है। इस मौके पर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। वीसी ने फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स का वेलकम भी किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. स्वाति पाल ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया।

जताया आभार

सहयोग दिल्ली संस्था के अध्यक्ष मनोज जैन ने दिल्ली में 200 यूनिट तक बिजली का बिल माफ और 200 से 400 यूनिट तक हाफ होने पर दिल्ली की जनता को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि संस्था ने बिजली का बिल कम करने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी थी। फिक्स चार्ज बढ़ाए जाने का विरोध भी किया था। इससे दिल्ली की जनता को काफी राहत मिली है।

आप भी अपनी संस्था की खबरें और फोटो भेजिए nbtdilli@gmail.com पर। सब्जेक्ट में लिखें Sanstha